प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. सर्वोच्च न्यायालय ने आज वक्फ मामले में केन्द्र सरकार को सात दिनों में जवाब दाखिल करने के दिये निर्देश : 5 मई को अगली सुनवाइ तक बोर्ड में नहीं होगी कोई नियुक्ति।
2. सिटी बस सेवा में अब निजी ई–बस संचालकों को मिलेगा मौका : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– पार्किंग, रूट और किराये को लेकर बनाई जाये कार्ययोजना।
3. उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गोरखपुर और बलिया में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की : कहा– हर मरीज को उपलब्ध कराई जाये बेहतर चिकित्सा सुविधा।

और

4. पर्यटन विभाग कल विश्व धरोहर दिवस के मौके पर वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, झांसी और आगरा में करेगा विशेष हेरिटेज वॉक का आयोजन।

————————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केद्र सरकार को सात दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। पेश है एक रिपोर्ट......

*वक्फ मामले में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने शीर्ष न्यायालय को आश्वस्त किया कि अगली सुनवाई तक वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के तहत वक्फ बोर्ड या केंद्रीय वक्फ परिषद में कोई नई नियुक्ति नहीं की जाएगी। महाधिवक्ता तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ को भरोसा दिलाया कि मौजूदा वक्फ संपत्तियों की स्थिति, जिसमें उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ के रूप में वर्गीकृत संपत्तियां भी शामिल हैं फिलहाल अपरिवर्तित रहेंगी। याचिकाओं की बड़ी संख्या के कारण पीठ ने याचिकाकर्ताओं से सुनवाई के लिए पांच प्रमुख मामलों की पहचान करने को कहा है। इस मामले की सुनवाई अब 5 मई को होगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।*

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एक निजी कार्यक्रम में प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को देश में सर्वश्रेष्ठ बताया। श्री योगी ने कहा कियूपी ने 15 लाख करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतारा है। प्रदेश के अंदर आज निवेश का बेहतरीन वातावरण बना है।**

**बाइट.....**

*आज उत्तर प्रदेश के अंदर निवेश का एक बेहतरीन वातावरण बना है। हर एक सेक्टर में और मुझे लगता है कि उत्तर प्रदेश आज अकेले इन आठ वर्षों में हम लोगों ने जो बड़ा निवेश कराया है इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से ही हम लोगों ने करवाया है। एमएसएमई विभाग का अलग है। अन्य विभाग के अलग अलग है और इस बड़े निवेश के माध्यम से हम लोगों ने लाखों नौजवानों के लिए नौकरी की सुविधा यहाँ पर दी है। आज उत्तर प्रदेश के पास अपना लैंड बैंक है। उत्तर प्रदेश के पास तैंतीस अलग अलग सेक्टर में निवेश करने के लिए सेक्टोरल पॉलिसी है।*

———————

प्रदश में सिटी बस सेवा में निजी ई–बस संचालकों को भी अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में नगर विकास विभाग में संचालित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए इस संबंध मे निर्देशित किया। पेश है एक रिपोर्ट.......

*नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 वर्ष से अधिक समय तक किसी भी डीजल/सीएनजी बसों का उपयोग न हो। इन्हें स्क्रैप कराया जाए। उन्होंने कहा कि इनके स्थान पर ई–बसें लाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिटी बस सेवा में निजी ई–बस संचालकों को भी अवसर दिया जाना चाहिए। साथ ही जनहित के दृष्टिगत इनका किराया रेग्युलेट किया जाना चाहिए। इनके पार्किंग की जगह तय हो, रूट तय हो।उन्होंने निर्देश दिए कि इन निजी ई–बसों को समीपस्थ कस्बों से कनेक्ट किया जाए। उन्होंने पार्किंग को लेकर भी निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने नगर निकायों के खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरु करने का निर्देश दिया।*

*आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी*

————————

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने आज गोरखपुर और बलिया में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक की। इस दौरान श्री पाठक ने अस्पतालों में साफ–सफाई सुनिश्चित करने के साथ ही मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बाइट.....

*सभी अस्पतालों में साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। चिकित्सक समय से उपस्थित रहे। दवाइयां सभी उपलब्ध है। हर स्थिति में मरीजों को उच्चकोटि की चिकित्सा सुविधाएं मिले और जो चिकित्सकों की कमी है तत्काल भर्ती करें। सीएमओ महोदय को जिलाधिकारी महोदय को यह अधिकार प्राप्त है। शासन ने अधिकारियों ने दिया है। स्थानीय स्तर पर*

*चिकित्सकों की भर्ती करें और लगातार निगरानी करें जिससे सभी मरीजों को उच्च कोट की चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध रहे।*

————————

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ के अनौरा कला गांव में टेक होम राशन प्लांट का निरीक्षण किया। श्री मौर्य ने कहा कि प्लांट में कार्यरत महिलाओं के उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने का काम सरकार करेगी।

बाइट.....

*जो हमारी फूड प्रोसेसिंग पॉलिसी है उसमें जो महिलाएं किसी भी उद्योग को फूड प्रोसेसिंग का संचालित करेंगी उनको सोलर सब्सिडी नब्बे प्रतिशत हम लोग देते हैं। तो यहाँ पर सोलर का भी प्लांट लग गया है और इससे इनका जो बिजली का बिल है उसमें कमी आई है। लेकिन अभी मैंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है यह जो आंगनबाड़ी केंद्रों में हमारे कुपोषित बच्चे आते हैं उनके पोषाहार के निर्माण का काम यहाँ पर होता है। लेकिन इनका यहाँ जो आसान है या जो मशीनरी है इसमें ऐसे और भी उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं जिससे इनकी आमदनी बढ़ जाए।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

उत्तर प्रदेश सरकार और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई ने राज्य के सूक्ष्म, लघु आर मध्यम उद्यमों को पूंजी जुटाने में सहायता देने के लिए समझौता ज्ञापन  पर कल हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत एमएसएमई अब एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म के माध्यम से आईपीओ लाकर धन जुटा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में लगभग 96 लाख एमएसएमई कार्यरत हं। एमएसएमई नीति 2022 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्धता के लिए 5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है।

————————

प्रदेश सरकार राज्य के दो लाख से अधिक युवाओं को अग्निशमन विभाग से प्रशिक्षण के बाद निजी संस्थानों में अग्नि सुरक्षा अधिकारी और अग्नि सुरक्षा कर्मी के पद पर तैनाती के अवसर उपलब्ध कराएगी। इसके लिए विभाग ने कार्य योजना तैयार कर ली है। पेश है एक रिपोर्ट......

*अग्निशमन विभाग की एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि प्रदेश के निजी भवनों में सिक्योरिटी  गार्ड की तरह अनिवार्य रूप से अग्नि सुरक्षा अधिकारी और अग्नि सुरक्षा कर्मियों को तैनात करने की कार्य योजना तैयार की गई है। इसके लिए योग्यता के मानक भी तय कर लिये गये हैं। विभाग द्वारा प्रदेश के इच्छुक युवाओं को एक हफ्ते से लेकर चार हफ्ते की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद उन्हें विभाग द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा, उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने केंद्र सरकार के मॉडल फायर सर्विस बिल 2019 को स्वीकार करते हुए उत्तर प्रदेश*

*अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम 2022 लागू किया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेंद्र शर्मा।*

————————

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के अंतर्गत 21821 लाख रुपये की 12 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य सरकार अवस्थापना सुविधाओं को और बेहतर करने का निर्णय लिया है। ये परियोजनाएं राज्य सेक्टर एवं तीर्थविकास परिषद के अंतर्गत आती हैं।

————————

कल विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा राज्य के पांच प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों–वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, झांसी और आगरा में विशेष हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य आम लोगों, विशेषकर युवाओं को राज्य की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है।

————————

सऊदी सरकार ने मोफा प्रोसेसिंग और वीजा जारी करने की अंतिम तिथि 18 अप्रैल रखी है। अंतिम तिथि तक

प्रत्येक हज यात्री का मूल अतंर्राष्ट्रीय पासपोर्ट जमा होना आवश्यक है। पासपोर्ट जमा न होने की स्थिति में उनकी हज यात्रा निरस्त की जा सकती है।

————————

लखनऊ में आज 73वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता–2025 का उद्घाटन पीएसी मुख्यालय के पुलिस महानिरीक्षक आशुतोष कुमार ने किया। प्रतियोगिता में कुल 12 जोन के खिलाड़ी भाग ले रहे है।

————————

आईपीएल में आज मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियन्स के बीच मुकाबला हो रहा है।

————————

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में 18 और 19 तारीख के लिये तेज हवा और बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक प्रदेश के पूर्वी इलाकों के जिले सोनभद्र, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर समेत आसपास के इलाकों में कल तेज हवा के साथ गर्जन और वज्रपात की संभावना है।

(समाप्त)